Regarding need to restore the operation of Jharkhand Swarna Jayanti Express (12873/12874) suspended from 1st December, 2025 to 27th February, 2026Laid

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** ठंड के मौसम में कोहरे के कारण वर्षों से 12873/12874 झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन रद्द कर दिया जाता है । ठंड के मौसम में इस ट्रेन का परिचालन रद्द करने की एक परंपरा सी बन गयी है । पिछले वर्ष भी रेलवे ने कोहरे के कारण इस ट्रेन का परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया था, परन्तु माननीय रेल मंत्री जी से जनता को आवगमन की कठिनाईयों से अवगत कराने पर उन्होंने उक्त ट्रेन को बंद करने के निर्णय को रद्द कर दिया था तथा ट्रेन का परिचालन जारी रहा था । इस वर्ष भी रेलवे ने कोहरे का बहाना बनाकर दिनांक 1/12/ 2025 से 27/2/2026 तक बंद करने का निर्णय लिया है । देश की राजधानी से कनेक्ट होने और दिल्ली में उच्चतर चिकित्सा संस्थान में इलाज हेतु आने जाने के लिए यह ट्रेन सर्वोत्तम साधन है । पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं सोनभद्र आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल हैं । इन जिलों के छात्रों, व्यवसायियों एवं मरीजों के आवागमन के साधन को बढ़ाने के बजाय तीन माह के लिए कम करना उचित नहीं है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि रेलवे बोर्ड के निर्णय को निरस्त करते हुए उक्त ट्रेन का पुनः परिचालन सुनिश्चित किया जाये ।